न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्डाधिकारी (राजस्व) नोहर

पीठासीन अधिकारी का नाम : सुश्री श्वेता कोचर (आर0ए0एस0)

वाद सं0 : 525 सन 2019

अनवान :–

1. सन्दीप कुमार पुत्र रामप्रसाद जाति जाट निवासी फेफाना तहसील नोहर जिला हनुमानगढ।
2. प्रदीप कुमार पुत्र रामप्रसाद जाति जाट निवासी फेफाना तहसील नोहर जिला हनुमानगढ।

वादीगण

बनाम

1. रामप्रसाद पुत्र मुरलीधर उर्फ मुरलीराम जाति जाट निवासी फेफाना तहसील नोहर जिला हनुमानगढ।
2. सरोज बाला पुत्री रामप्रसाद पत्नी कुलदीप जाति जाट निवासी गात्रश्याम जिला हिसार
3. शकुन्तला पुत्री रामप्रसाद पत्नि महावीर सिह जाति जाट निवासी गात्रश्याम जिला हिसार
4. पुष्पा पुत्री रामप्रसाद पत्नि बलविन्द जाति जाट निवासी केरावाली जिला सिरसा
5. राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार राजस्व नोहर जिला हनुमानगढ।

प्रतिवादीगण

राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955 की धारा 88

उपस्थित : श्री रविन्द्र कुमार गोदारा अधिवक्ता वादी

पेरोकार राज

निर्णय दिनांक :–14/07/2020

सक्षेप में तथ्य इस प्रकार से है कि वादी ने जरिये अधिवक्ता यह वाद अन्तर्गत राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955 की धारा 88 के तहत इस आश्य का पेश किया गया की रोही मौजा चक 1 जेएसएन के खाता संख्या 132 की कुल 7.9610हैक भूमि वर्तमान राजस्व रिकार्ड में वादी के पिता प्रतिवादी संख्या 1 के नाम सें दर्ज है।

उक्त भूमि पूर्व में वादी के दादा मुरलीराम पुत्र लेखराम के नाम से राजस्व रिकार्ड में दर्ज थी वादी के दादा मुरलीराम पुत्र लेखराम के देहान्त होने पर वाद विरासतन से वाद भूमि उनके पुत्र प्रतिवादी संख्या 1 के नाम से दर्ज हुई।

वाद भूमि जो प्रतिवादी संख्या 1 जो वादी के पिता है के नाम से दर्ज है वादी के दादा मुरलीराम पुत्र लेखराम के देहान्त होने के बाद विरासतन से राजस्व रिकार्ड में दर्ज हुई है जिसके कारण पैतृक सम्पति है जिसमें वादी एवं प्रतिवादी संख्या 2 ता 4 का प्रतिवादी संख्या 1 के साथ बराबर का हक हिस्सा है।

प्रतिवादी संख्या 2 ता 4 वादी की बहने है एवं प्रतिवादी संख्या 1 की पुत्री है प्रतिवादी संख्या 2, ता 4 की शादी हो चुकी है एवं प्रतिवादी संख्या 2 ता ,4 ने अपने हक हिस्सा की भूमि का त्याग वादी एवं प्रतिवादी संख्या 1 के पक्ष में किया जा चुका है। तथा वादी व प्रतिवादी सख्या 1 ने बाहमी बटवारा कर लिया है इसलिये वाद भूमि वादी एवं प्रतिवादी संख्या 1 अपने बाहमी बटवारा के अनुसार राजस्व रिकार्ड में दर्ज करवा पाने के अधिकारी है।

वादी ने प्रतिवादी संख्या 1 को कई मर्तबा कहा की वादी के हक हिस्सा की भूमि को उनके नाम से राजस्व रिकार्ड में दर्ज करवा देवे तो कुछ दिनों तक तो आज कल आज कल करते रहे किन्तु अन्त में इन्कार हो गये इसलिये यह वाद पेश किया गया है।

अतः वादी का वाद डिक्री किया जाकर घोषणा की जावे की प्रतिवादी संख्या 1 जो वादी का पिता है के नाम से दर्ज भूमि को वादी एवं प्रतिवादी संख्या 1 बहिब के खातेदार काश्तकार राजस्व रिकार्ड में दर्ज करवा पाने के अधिकारी है। वादी का वाद डिक्री फरमाया जावे।

वादी का वाद प्रस्तुत होने पर दर्ज रजिस्टर किया जाकर प्रतिवादीगण को जरिये सम्मन तलब किया गया प्रतिवादी संख्या 1 ता 4 स्वय न्यायालय में उपस्थित आकर वादी के

सहायक कलक्टर (राजस्व)
नोहर (हनुमानगढ़)

Scanned with CamScanner

वाद को स्वीकार करते हुए ईकबाल दावा पेश किया जाकर प्रतिवादी संख्या 1 ने निवेदन किया की उसके नाम से दर्ज भूमि उसके पिता मुरलीराम पुत्र लेखराम के देहान्त होने पर विरासतन से प्राप्त हुई है जिसमें वादी एवं प्रतिवादी संख्या 1 ता 4 का बराबर का हक हिस्सा है तथा प्रतिवादी संख्या 2 ता 4 ,जो वादी की बहन एवं प्रतिवादी संख्या 1 की पुत्री है ने निवेदन किया की उन्होने अपने हक हिस्सा की भूमि को अपने भाईयों/पिता वादी एवं प्रतिवादी संख्या 1 के पक्ष में त्याग किया जा चुका है इसलिये वाद भूमि वादी एवं प्रतिवादी संख्या 1 के नाम से उनके बाहमी बटवारा के अनुसार राजस्व रिकार्ड में दर्ज की जाती है तो किसी प्रकार का ऐतराज नही है व अपने कथनों के समर्थन में ईकबाला दावा पेश किया गया। ईकबाल दावा तस्दीक किया जाकर शामिल मिसल किया एवं प्रतिवादी संख्या 5 पेरोकार राज ने जबाब पेश किया की वादी के द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य सबुतों के आधार पर राज्य हकों को सुरक्षित रखते हुए निस्तारण किया जाता है तो कोई ऐतराज नही है जबाब शामिल मिसल किया गया।

प्रकरण में प्रतिवादीगण का ईकबाल प्रस्तुत होने के कारण तनकी की आवश्यकता नही रही साक्ष्य में वादी ने अपना शपथ पत्र पेश किया जिस पर प्रतिवादीगण के द्वारा जिरह नही करने के कारण जिरह शुन्य रही तत्पष्चात उभयपक्षों की बहस सुनी गई।

वकील वादी के अधिवक्ता ने अपनी बहस में अपने वाद में अंकित तथ्यों को दोहराते हुए निवेदन किया की रोही मौजा चक 1 जेएसएन के खाता संख्या 132 की कुल 7.9610हैक्ट भूमि वर्तमान राजस्व रिकार्ड में वादी के पिता प्रतिवादी संख्या 1 के नाम सें दर्ज है।

उक्त भूमि पूर्व में वादी के दादा मुरलीराम पुत्र लेखराम के नाम से राजस्व रिकार्ड में दर्ज थी वादी के दादा मुरलीराम पुत्र लेखराम के देहान्त होने पर वाद विरासतन से वाद भूमि उनके पुत्र प्रतिवादी संख्या 1 के नाम से दर्ज हुई।

वाद भूमि जो प्रतिवादी संख्या 1 जो वादी के पिता है के नाम से दर्ज है वादी के दादा मुरलीराम पुत्र लेखराम के देहान्त होने के बाद विरासतन से राजस्व रिकार्ड में दर्ज हुई है जिसके कारण पैतृक सम्पति है जिसमें वादी एवं प्रतिवादी संख्या 2 ता 4 का प्रतिवादी संख्या 1 के साथ बराबर का हक हिस्सा है।

प्रतिवादी संख्या 2 ता 4 वादी की बहने है एवं प्रतिवादी संख्या 1 की पुत्री है प्रतिवादी संख्या 2, ता 4 की शादी हो चुकी है एवं प्रतिवादी संख्या 2 ता ,4 ने अपने हक हिस्सा की भूमि का त्याग वादी एवं प्रतिवादी संख्या 1 के पक्ष में किया जा चुका है। तथा वादी व प्रतिवादी सख्या 1 ने बाहमी बटवारा कर लिया है इसलिये वाद भूमि वादी एवं प्रतिवादी संख्या 1 अपने बाहमी बटवारा के अनुसार राजस्व रिकार्ड में दर्ज करवा पाने के अधिकारी है।

वादी के वाद को प्रतिवादी संख्या 1 ता 4 ने स्वीकार किया जाकर ईकबाल पेश किया जा चुका है अर्थात वादी के वाद के सम्बध में कोई ऐतराज नही है वादी अपने कथनों के सम्बध में न्यायायिक दृष्टान्त आर.बी.जे. 1998 पेज 615 एवं आरआरडी वर्ष 1998 पेज 646 प्रस्तुत कर निवेदन किया की कोई भी खातेदार काश्तकार आपसी सहमति /राजीनामा के आधार पर अपने हकों को स्थानान्तरण कर सकता है अतः वादी का वाद डिक्री फरमाया जावे।

पेरोकार राज ने निवेदन किया की वादी ने दादालाई/पैतृक सम्पति का वाद पेश किया है वादी के साक्ष्य सबुतों के आधार पर राज्यहकों को सुरक्षित रखते हुए वाद का निस्तारण फरमावे।

हमने उभयपक्षो की बहस सुनी पत्रावली का अवलोकन किया प्रस्तुत रिकार्ड के अनुसार रोही मौजा चक 1 जेएसएन के खाता संख्या 132 की कुल 7.9610हैक्ट भूमि वर्तमान राजस्व रिकार्ड में वादी के पिता प्रतिवादी संख्या 1 के नाम सें दर्ज है।

पर्चा खतोनी उपनिवेशन विभाग के अनुसार वाद भूमि मुरलीराम पुत्र बेगराज के नाम से दर्ज थी अर्थात वाद भूमि पूर्व में वादी के दादा मुरलीराम पुत्र बेगराज के नाम से दर्ज है वादी के दादा मुरलीराम पुत्र बेगराज के देहान्त होने के वाद विरासतन से वाद भूमि वादी के

उपखण्ड ... मोहर (हनुमानगढ़)

पिता प्रतिवादी संख्या 1 के नाम से राजस्व रिकार्ड में दर्ज हुई है विरासतन से भूमि वादी के पिता के नाम से दर्ज होने के कारण पैतृक सम्पति होना साबित है। हिन्दु उतराधिकार अधिनियम की धारा 6 ,8 के अनुसार पैतृक सम्पति में वादी का हक हिस्सा है अर्थात दादा की सम्पति में पौते/पौतियों को बराबर का हक हिस्सा होगा। अर्थात वाद भूमि में वादी व प्रतिवादी संख्या 1 ता 4 बहिब के हकदार है।

वादी का कथन है कि प्रतिवादी संख्या ,2 ता 4 जो वादी की बहने है ने अपने हक हिस्सा की भूमि का त्याग किया हुआ है वादी के कथनों को प्रतिवादी संख्या ,2 ता ,4 स्वय न्यायालय में उपस्थित होकर वादी के वाद को स्वीकार किया जाकर निवेदन किया की उन्होने अपने हक हिस्सा की भूमि का त्याग वादी एवं प्रतिवादी संख्या 1 के पक्ष में त्याग किया जा चुका है इसलिये वाद भूमि वादी एवं प्रतिवादी संख्या 1 के हक हिस्सा की भूमि है जिसे उनके नाम से राजस्व रिकार्ड में उनके बाहमी बटवारा के अनुसार दर्ज की जाती है तो किसी प्रकार का ऐतराज नही है व अपने कथनों के सामर्थन में ईकबाल भी पेश किया जा चुका है जो तस्दीक किया जाकर शमिल मिसल किया जा चुका है।

वादी के वाद को प्रतिवादीगण के द्वारा स्वीकार करने एवं वादी के द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य सबुत एवं न्यायायिक दृष्टान्तों जो प्रकरण पर चस्पा होते है के आधार पर वाद वादी साबित होने के कारण काबिल डिक्री है तथा प्रतिवादी संख्या 2 ता 4 ने अपने हकों का त्याग किये जाने के कारण राज्यहकों की सुरक्षा के मध्यनजर स्टाम्प डयूटी कायम की जानी न्यायोचित है।

अतः वादी के वादी को प्रतिवादी संख्या 1 ता 4 के द्वारा वादी के वाद को स्वीकार करने एवं पेरोकार राज का किसी प्रकार का ऐजराज नही होने एवं वादी के द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य सबुतो एवं न्यायायिक दृष्टान्तों के आधार पर वाद वादी साबित होने के कारण डिक्री किया जाकर धोषणा की जाती है कि रोही मौजा वादी संख्या 1 सन्दीप कुमार रोही मौजा चक 1 जेएसएन के खाता संख्या 132 के प0न0 362/362(17) के किला न0 21/0.2400 ,22/2 की 0.134 ,प0न0 362/363(22) के किला न0 1/0.2280 ,2/1 की 0.1890 ,9/1 की 0.2150 ,10/0.253 ,कुल 0.8850हैक प0न0 361/363 मु0न0 23 के किला न0 5 की 0.2020 ,6/0.2280 ,कुल 0.4300 प0न0 362/365(46) के किला न0 6/0.253 ,7/0.253 ,कुल 0.506हैक प0न0 363/366 (60) के किला न0 1/0.2270 ,2/0.2280 ,3/0.2270 ,4/0.2280 ,5/0.2270 ,6/0.253 ,7/0.253 ,कुल 1.6430हैक कुल 3.838हैक भूमि रहेगी एवं वादी संख्या 2 प्रदीप कुमार के पास रोही मौजा चक 1 जेएसएन के खाता संख्या 132 के प0न0 357/365(51) के किला न0 4/0.2280 ,5/0.2270, 6,7 व 14 ता 17 प्रत्येक 0.2530, कुल 1.9730हैक प0न0 358/365(50) के किला न0 1/0.2280 ,प0न0 361/364(34) के किला न0 14/0.253, 15/0.2280 ,16/0.2270 ,17 ,23 ,24 प्रत्येक 0.253 ,25 मिन पश्चिम 0.101 कुल 3.769हैक भूमि रहेगी तथा मु0न0 0 किला न0 0/14 की 0.1280हैक गै0मु0 प0न0 90/42 के किला न0 0/2 की 0.1000हैक गै0मु0 वादीगण 1 व 2 के पास बहिब रहेगी तथा प0न0 361/364(34) किला न0 25 मिन पूर्व की 0.126हैक भूमि यथावत रहेगी इसी अनुसार राजस्व रिकार्ड में अंकन करने हेतु ईजराय प्रार्थना पत्र के सलग्न 5000/- रू स्टाम्प तकमीलन शामिल किया जावे। यदि भूमि बैक के रहन हो तो बाद रहनमुक्त राजस्व रिकार्ड में अंकन किया जावे व्यय वाद उभयपक्ष अपना अपना वहन करेगे। इसी आश्य की पर्चा डिक्री जारी की जाकर शामिल मिसल की गई पत्रावली नम्बर से कम की जाकर बाद तरतीब तकमील जाब्ता दाखिल दफ्तर हो ।

3.838
3.769
.1280
.1000
.126

निर्णय आज दिनांक 14/07/2020 को मेरे द्वारा लिखाया जाकर बसरे ईजलास में सुनाया गया ।

उप खण्ड अधिकारी (राजस्व)
नोहर (हनुमानगढ)

उपखण्ड अधिकारी (राजस्व)
नोहर (हनुमानगढ)

Scanned with CamScanner

पर्चा डिक्री

(आर्डर 20, रूल 6–7 जाब्ता दिवानी)

न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी नोहर

अनवान :–

1. सन्दीप कुमार पुत्र रामप्रसाद जाति जाट निवासी फेफाना तहसील नोहर जिला हनुमानगढ।
2. प्रदीप कुमार पुत्र रामप्रसाद जाति जाट निवासी फेफाना तहसील नोहर जिला हनुमानगढ।

वादीगण

बनाम

1 रामप्रसाद पुत्र मुरलीधर उर्फ मुरलीराम जाति जाट निवासी फेफाना तहसील नोहर जिला हनुमानगढ।
2 सरोज बाला पुत्री रामप्रसाद पत्नी कुलदीप जाति जाट निवासी मात्रश्याम जिला हिसार
3 शकुन्तला पुत्री रामप्रसाद पत्नि महावीर सिह जाति जाट निवासी मात्रश्याम जिला हिसार
4 पुष्पा पुत्री रामप्रसाद पत्नि बलविन्द जाति जाट निवासी केरावाली जिला सिरसा
5. राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार राजस्व नोहर जिला हनुमानगढ।

प्रतिवादीगण

वाद अन्तर्गत धारा 88, राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955

राजस्व वाद संख्या 525 सन 2019 निर्णय दिनांक– 14/07/2020

आज यह वाद मुझ श्वेता कोचर उपखण्ड अधिकारी (राजस्व) नोहर के समक्ष अधिवक्ता वादी एवं पेरोकार राज की उपस्थिति में अंतिम निपटारे/ निर्णय हेतु प्रस्तुत होने पर वाद वादी साक्ष्य सबुतो एवं प्रतिवादीगण की सहमति के आधार पर साबित होने के कारण वाद वादी डिक्री किया जाकर धोषणा की जाती है कि रोही मौजा वादी संख्या 1 सन्दीप कुमार रोही मौजा चक 1 जेएसएन के खाता संख्या 132 के प0न0 362/362(17) के किला न0 21/0.2400 ,22/2 की 0.134 ,प0न0 362/363(22) के किला न0 1/0.2280 ,2/1 की 0.1890 ,9/1 की 0.2150 ,10/0.253 ,कुल 0.8850हैक प0न0 361/363 मु0न0 23 के किला न0 5 की 0.2020 ,6/0.2280 ,कुल 0.4300 प0न0 362/365(46) के किला न0 6/0.253 ,7/0.253 ,कुल 0.506हैक प0न0 363/366 (60) के किला न0 1/0.2270 ,2/0.2280 ,3/0.2270 ,4/0.2280 ,5/0.2270 ,6/0.253 ,7/0.253 ,कुल 1.6430हैक कुल 3.838हैक भूमि रहेगी एवं वादी संख्या 2 प्रदीप कुमार के पास रोही मौजा चक 1 जेएसएन के खाता संख्या 132 के प0न0 357/365(51) के किला न0 4/0.2280 ,5/0.2270, 6,7 व 14 ता 17 प्रत्येक 0.2530, कुल 1.9730हैक प0न0 358/365(50) के किला न0 1/0.2280 ,प0न0 361/364(34) के किला न0 14/0.253, 15/0.2280 ,16/0.2270 ,17 ,23 ,24 प्रत्येक 0.253 ,25 मिन पश्चिम 0.101 कुल 3.769हैक भूमि रहेगी तथा मु0न0 0 किला न0 0/14 की 0.1280हैक गै 0मु0 प0न0 90/42 के किला न0 0/2 की 0.1000हैक गै0मु0 वादीगण 1 व 2 के पास बहिब रहेगी तथा प0न0 361/364(34) किला न0 25 मिन पूर्व की 0.126हैक भूमि यथावत रहेगी इसी अनुसार राजस्व रिकार्ड में अंकन करने हेतु ईजराय प्रार्थना पत्र के सलग्न 5000/– रू स्टाम्प तकमीलन शामिल किया जावे। यदि भूमि बैक के रहन हो तो बाद रहनमुक्त राजस्व रिकार्ड में अंकन किया जावे व्यय वाद उभयपक्ष अपना अपना वहन करेगे।

पर्चा डिक्री आज दिनांक 14/07/2020 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालय मुद्रा से जारी की गई ।

उपखण्ड अधिकारी (राजस्व)
नोहर (हनुमानगढ)

Scanned with CamScanner